# कार्यालय नगर पंचायत - सिसवा बाजार, जनपद-महराजगंज (उ0प्र0)

संख्या : / न0पं0 सिसवा/ (2018-19)/ दिनांक : 01-03-2019

कार्यालय नगर पंचायत-सिसवा बाजार जनपद-महराजगंज

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पंचायत-सिसवा बाजार में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत समस्त ठेकेदारों एवं निर्मित उत्पाद के अधिकृत पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत-सिसवा बाजार, जनपद-महराजगंज के द्वारा **"14वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नवत सामाग्रियों का क्रय एवं निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसके लिए पंजीकृत ठेकेदारों एवं अधिकृत फर्मो से **दिनांक 07.03.2019 दिन बृहस्पतिवार को अपराह्न 02.00 बजे तक नगर पंचायत-सिसवा बाजार, महराजगंज के कार्यालय में मुहरबन्द निविदायें** आमंत्रित की जाती है तथा उक्त तिथि को ही अपराह्न 03.00 बजे निविदाताओं/प्रतिनिधियों के उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्राप्त निविदाओं को खोला जायेगा। क्रय किए जाने वाले सामाग्रियों एवं निर्माण कार्य से सम्बंधित निविदा प्रपत्र नगर पंचायत कार्यालय के सम्बंधित लिपिक से निर्धारित शुल्क जमा कर **दिनांक 05.03.2019 दिन मंगलवार को अपराह्न 2.00 बजे तक** प्राप्त किया जा सकता है। प्रति एक निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि (2 प्रतिशत निविदा के साथ एवं 8 प्रतिशत निविदा स्वीकृति के पश्चात) तथा अन्य सामाग्रियों हेतु निर्धारित जमानत धनराशि (20 प्रतिशत निविदा/कोटेशन के साथ एवं 80 प्रतिशत निविदा/कोटेशन की स्वीकृति के पश्चात) का नगद जमा रसीद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत-सिसवा बाजार के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत-सिसवा बाजार से की जा सकती है तथा उक्त निविदा सूचना को महराजगंज के वेबसाईट www.maharajganj.nic.in एवं निकाय के वेबसाईट www.npsiswabazar.in पर देखा जा सकता है।

## कार्य का विवरण

| क्र. सं. | सामाग्री का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ब्लीचींग पाउडर - प्रति बोरी (25 किग्रा) | 100=00 | -- | 15 दिन |
| 2- | चूना - प्रति बोरी (50 किग्रा), कीटनाशक दवा - प्रति पैक/वॉटल (5 ली0), फिनायल की गोली - प्रति पैकेट, फिनायल - प्रति वॉटल (5 ली0) टॉयलेट क्लीनर - प्रति पैक/वॉटल (1 ली0) | 300=00 | -- | 15 दिन |
| 3- | निकाय में अधिष्ठापित विद्युत पोलों का सुदृढ़ीकरण एवं पेन्टिंग का कार्य | 400=00 | -- | 15 दिन |
| 4- | गीला व सूखा कूड़ा रखने हेतु हाउस होल्ड हरा व नीला बकेट/बाल्टी - प्रति सेट (10ली0 + 10ली0) | 300=00 | -- | 15 दिन |
| 5- | टी/कॉफी वेन्डिंग मशीन सेट - एक पीस | 100=00 | -- | 15 दिन |
| 6- | पिंक टायलेट हेतु सैनीटरी नैपकीन डिस्पेंसर - प्रति सेट | 50=00 | -- | 15 दिन |
| 7- | 1000 LPH Water Vending Machine (Raw water Boring, Construction Work, Tank, Plumbring material, Electricity Connection, Display Branding and Decoration etc. (Supply & Installation for Ward No. 01, Jaini Chhapra) | 200=00 | 10000 | एक माह |
| 8- | 1000 LPH Water Vending Machine (Coin/ATM Operated, Smart Card Operated Software etc. (Supply & Installation for Ward No. 01, Jaini Chhapra) | 300=00 | 15000 | एक माह |
| 9- | 1000 LPH Water Vending Machine (RO Water Capacity, Storage, Power etc. (Supply & Installation for Ward No. 01, Jaini Chhapra) | 400=00 | 20000 | एक माह |
| 10- | Suppy & Installation of Solid Waste Management Shredder (Capacity-1000 Kgs/Hrs) | 400=00 | 20000 | एक माह |

**क्रय हेतु नियम व शर्ते :-**

1. क्रय किए जाने वाले सामग्री से सम्बंधित निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के अनुमति के पश्चात निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा/कोटेशन की दरें स्पष्ट रूप से शब्दों तथा अंकों में निर्धारित स्थान पर अंकित होने चाहिए।
3. निविदा/कोटेशन प्रपत्र पर निविदादाता का हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है।

4. निर्धारित अवधि तक ही निविदा/कोटेशन फार्म प्राप्त किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. आपूर्तिकर्ता फर्म को आयकर/जी.एस.टी. पंजीकरण का प्रमाण-पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में उक्त की निविदा मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को निर्मित उत्पाद के अधिकृत डीलर का प्रमाण-पत्र एवं कैटलाग संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. यदि फर्म द्वारा जमानत धनराशि जमा नहीं किया जाता है, तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा। कार्य के प्रति जमा जमानत धनराशि की वापसी कार्य के सन्तोषजनक स्थिति में बने रहने की दशा में अन्तिम भुगतान की तिथि से एक वर्ष के पश्चात वापस किया जायेगा (शासन के निर्देश पर समय सीमा घट बढ़ सकता है)
8. निविदा प्राप्ति अथवा खोले जाने की तिथि में यदि कार्यालय बन्द होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जायेगी तथा निविदाओं की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।
9. निविदादाता की दर स्वीकृत होने के उपरान्त पुनः दरों में किसी आधार पर कोई वृद्धि नहीं की जायेगी।
10. निविदा स्वीकृति के पश्चात निर्धारित नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों को स्वयं के व्यय से अनुबन्ध करना होगा।
11. कार्य निरीक्षण करने का अधिकार, अधिशासी अधिकारी का होगा।
12. जो फर्म निर्धारित मानक के अनुसार कार्य नहीं करेगी तो भा0द0सं0 के अन्तर्गत यह कृत्य अपराध माना जायेगा तथा फर्म के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता में दिए गये प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।
13. सम्बंधित सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी होने की दशा में सम्बंधित ठेकेदार/फर्म को अपने व्यय पर ठीक कराना अनिवार्य होगा।
14. सबसे न्यूनतम निविदा/कोटेशन दर स्वीकृत किया जा सकता है।
15. किसी भी निविदा/कोटेशन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत-सिसवा बाजार में निहित होगा।
16. सामानों की आपूर्ति नगर पंचायत में अपने खर्च से देना होगा, किसी प्रकार का वाहन आदि का खर्च विभाग नहीं देगा।
17. सामग्रियों की लागत में सम्पूर्ण कर सम्मिलित होना चाहिए। अलग से किसी प्रकार का कोई कर विभाग नहीं देगा।
18. त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण निविदायें/कोटेशन स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।
19. सामग्रियों की गुणवत्ता के सत्यापन पश्चात ही गुणवत्ता ठीक पाये जाने पर भुगतान किया जायेगा।

## निर्माण कार्य का विवरण

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 03 में श्री बाबूराम सोनी के घर के उत्तर तरफ से पश्चिम तरफ सायर माई मंदिर के पीछे पश्चिम तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण। | 275000 | 27500 | 300 | एक माह |
| 2. | वार्ड नं0 03 में श्री त्रिलोकी जायसवाल के घर से दक्षिण से पश्चिम की तरफ होते हुए उत्तर से पश्चिम एवं दक्षिण से उत्तर श्री बाबूराम सोनी के मकान के पीछे भाग तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण। | 340000 | 34000 | 300 | एक माह |
| 3. | वार्ड नं0 01 में बच्चा बैण्ड के घर के सामने नाली/क्रासिंग का निर्माण कार्य। | 95000 | 9500 | 100 | एक माह |
| 4. | वार्ड नं0 11 (अमरपूरवां) में स्थित सार्वजनिक शौचालय का सेप्टिंक टैंक, मूत्रालय आदि का निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 316000 | 31600 | 300 | एक माह |
| 5. | वार्ड नं0 11 (अमरपूरवां) में मेन रोड से उत्तर श्री रमेश मल्ल के मकान तक आर0सी0सी0 कवर्ड नाली निर्माण। | 195000 | 19500 | 200 | एक माह |

**निर्माण कार्य हेतु नियम व शर्ते :-**

1. नगर पंचायत-सिसवा बाजार के पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा प्रपत्र की बिक्री की जायेगी।
2. निर्माण कार्य से सम्बंधित निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के अनुमति पश्चात निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा की दरें स्पष्ट रूप से शब्दों तथा अंकों में निर्धारित स्थान पर अंकित होने चाहिए।
4. निविदा प्रपत्र पर निविदादाता का हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है।
5. एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, न0पं0 में निहित होगा।

6. निविदा स्वीकृति पश्चात कार्यदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टैम्प पर अनुबन्ध पत्र भरकर निर्माण कार्य आरम्भ करना आवश्यक है अन्यथा विलम्ब की दशा में जमानत धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दिया जायेगा।
7. ठेकेदार को निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्यालय को लिखित रूप से अवगत कराना अनिवार्य होगा।
8. निर्माण कार्य पूर्ण होने के छः माह तक कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
9. अनुबन्ध हेतु स्टैम्प पेपर नियमानुसार देय होगा।
10. निविदा प्राप्त व खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त व खोली जायेगी।
11. निविदा के साथ किसी भी विवाद की दशा में अध्यक्ष, नगर पंचायत सिसवा बाजार का निर्णय अन्तिम होगा।
12. किसी भी ठेकेदार या उसके सहयोगी द्वारा निविदा कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को काली सूची में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बंधित थाने पर अंकित करायी जायेगी।
13. निर्माण कार्य के निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा जारी अद्यतन हैसियत, चरित्र प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**(आशुतोष सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत-सिसवा बाजार
महराजगंज।

**(रागिनी जायसवाल)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत-सिसवा बाजार
महराजगंज।

पत्रांक- 465(3) /न0पं0 सिसवा/2018-19/ तद्दिनांकित

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय, महराजगंज।
2- प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0 महराजगंज को इस आशय से निविदा सूचना के महराजगंज के वेबसाईट www.maharajganj.nic.in पर अपलोड कराने हेतु।
3- सम्बंधित लिपिक को निकाय के वेबसाईट www.npsiswabazar.in पर अपलोड करने हेतु।
4- नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत-सिसवा बाजार
महराजगंज।
07-3-19

अध्यक्ष
नगर पंचायत-सिसवा बाजार
महराजगंज।